

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I st ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 29 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 29 नवंबर का इतिहास

- **1759 :** दिल्ली के बादशाह आलमगीर द्वितीय की हत्या हुई।
- **1947 :** भारतीय उपमहाद्वीप का विभाजन होने पर निजाम ने भारत में शामिल होने की अपेक्षा स्वतंत्र रहना चाहा।
- **1989 :** तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस्तीफा दिया
- **1970 :** हरियाणा में सौ फीसदी ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य पाने वाला पहला भारतीय राज्य बना।
- **1961 :** दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन भारत आये।
- **1759 :** अलबानिया को नाजी कब्जे से छुड़ाया गया।

## 29 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- एयरटेल पेमेंट बैंक ने अपने कस्टमर्स की सुविधा के लिए फेस ऑथेंटिकेशन आधारित eKYC सर्विस की शुरूआत की है। इस सर्विस के तहत कस्टमर्स को एयरटेल पेमेंट बैंक में अकाउंट खुलवाने के लिए किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नही होंगी। नई सर्विस की शुरूआत होने के बाद अकाउंट खुलाने में लगने वाला समय पहले के मुकाबले काफी कम हो जाएगा। इससे पहले अकाउंट खुलवाने के लिए कस्टमर्स को आधार कार्ड और ओटीपी के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की जरूरत होती थी। लेकिन अब फेस ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करके बैंक खाते खोले जा सकते हैं।
- कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक ने अटल पेंशन योजना के तहत महत्वपूर्ण नामांकन के लिए पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है। अब तक बैंक ने अटल पेंशन योजना के तहत 334687 खातों को नामांकित किया है। 2022-23 के दौरान, बैंक ने 50,320 के लक्ष्य के मुकाबले 69,132 खातों को नामांकित किया। विशेष रूप से पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण भारत में पेंशन के समग्र पर्यवेक्षण और विनियमन के लिए वित मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत नियामक निकाय है।
- $CO_2$ भूवैज्ञानिक भंडारण क्षमता का आकलन शुरू किया गया। NETRA NTPC, नीति आयोग और नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन कार्बन कैप्चर एंड यूटिलाइजेशन, आईआईटी बॉम्बे द्वारा इसे लॉन्च किया गया है। इस पहल के भाग के रूप में भारत में चुनिंदा कोलबेड मीथेन समृद्ध कोयला क्षेत्रों में $CO_2$ भंडारण का आकलन किया जाएगा। इस पहले को 12 महीने के समय में पूरा करने की परिकल्पना की गई है।
- भारतीय वन्यजीवी वैज्ञानिक डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को संयुक्त राष्ट्र के सर्वोच्च पर्यावरण पुरस्कार चैंपियंस ऑफ द अर्थ से सम्मानित किया गया है। बर्मन को पारिस्थितिक तंत्र के क्षरण की रोकथाम के लिए की गई परिवर्तनकारी कार्रवाई के लिए यह सम्मान दिया गया है। बर्मन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के इस साल के चैंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार की एंटप्रेन्योरियल विजन श्रेणी में सम्मानित किया गया है।
- रवि कुमार सागर को सबसे प्रतिष्ठित डॉ अब्दुल कलाम सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें समाज के लिए उनकी निरंतर सेवा के लिए प्रदान किया गया था और वह भारत के सबसे कम उम्र के उद्यमियों में से एक हैं। जुड़वां तेलुगु राज्यों के एक युवा उद्यमी, रवि कुमार सागर, जिन्हें आरके एस के नाम से भी जाना जाता है।
- ग्रेट निकोबार द्वीप समूह की 72,000 करोड़ रूपये की विकास परियोजना को पिछले महीने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिली। परियोजना अगले 30 वर्षो की अवधि में तीन चरणों में लागू की जाएगी। इस परियोजनाओं में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ एक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सिटी शामिल है। प्रस्तावित बंदरगाह को भारतीय नौसेना द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। इसके 2027-2028 तक चालू होने की उम्मीद है। हवाई अड्डे में दोहरे सैन्य-नागरिक कार्य होंगे। परियोजना के लिए द्वीप के दक्षिणपूर्वी और दक्षिणी तटों के साथ 166.1 वर्ग किमी की पहचान की गई है। डायवर्जन के लिए 130 वर्ग किमी वन स्वीकृत किए गए हैं।
- एथेनॉल ब्याज सब्सिडी योजनाओं की नई विंडो के तहत 95 और इथेनॉल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं सेदेश की वार्षिक इथेनॉल क्षमता में लगभग 480 करोड़ लीटर की वृद्धि होगी। इन परियोजनाओं में से 68 अनाज आधारित 20 शीरा आधारित और सात दोहरे फीडस्टॉक पर आधारित है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने बताया है कि इन परियोजनाओं में करीब 12 हजार करोड़ रूपये के निवेश की संभावना है।
- कतर एनर्जी ने चाइन पेट्रोलियम एंड केमिकल कॉर्पोरेशन के साथ 27 साल के बिक्री और खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले चीन को 20 लाख टन सालाना की आपूर्ति के लिए 10 साल के एसपीए पर मार्च 2021 में हस्ताक्षर किए गए थे।
- 1980 के दशक में भारतीय फुटबॉल टीम के अभिन्न अंग रहे बाबू मणि का लीवर से संबंधित मुद्दों के साथ लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. केंद्र सरकार ने 10 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश के किस जिले से असम के डिब्रूगढ़ के बीच दुनिया की सबसे लंबी नदी क्रूज शुरू करने का प्रस्ताव रखा है ?**

(A) प्रयागराज (B) गाजीपुर
(C) कानपुर (D) वाराणसी

**(D)** उत्तर प्रदेश के काशी से दुनिया की सबसे लंबी रिवर क्रूज यात्रा 10 जनवरी 2023 से शुरू होगी। वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक 3200 किमी का सफर करीब 50 दिनों में तय किया जाएगा। 50 दिनों की यह यात्रा भारत और बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से होकर गुजरेगी तथा 50 से अधिक अहम जगहों पर रूकेगी, जिनमें विश्व विरासत स्थल भी शामिल हैं।




**2. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का COP28 किस देश में आयोजित होगा?**

(A) डेनमार्क (B) मिश्र
(C) संयुक्त अरब अमीरात (D) केन्या

**(C)** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन COP28 संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होगा। COP संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के पक्षकारों का एक सम्मेलन है जो वार्षिक आधार पर आयोजित किया जाता है। UNFCCC का COP28, 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक संयुक्त अरब अमीरात में होगा।




**3. नैसकॉम और आर्थर डी लिटिल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 5 जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी 2030 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग कितने प्रतिशत योगदान दे सकता है ?**

(A) 1 प्रतिशत (B) 2 प्रतिशत
(C) 3 प्रतिशत (D) 5 प्रतिशत

**(B)** वर्तमान में भारत में 1.1 बिलियन दूरसंचार उपयोगकर्ता हैं, जो चीन के बाद दुनिया में दूसरे सबसे बड़ा है। इसमें से 740 मिलियन 4G उपयोगकर्ता हैं और उनके 5G में स्थानांतरित होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख क्षेत्रों में ऊर्जा और संबंधित क्षेत्र 5G में प्रमुख उपभोक्ता होंगे, जो अनुमानित 180 बिलियन डॉलर क्षमता का लगभग 30% योगदान देंगे, इसके बाद 20% पर खुदरा, 15% पर स्वास्थ्य सेवा और 10% पर विनिर्माण क्षेत्र होगा।




**4. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय किस मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं ?**

(A) शिक्षा मंत्रालय (B) जनजातीय मामलों का मंत्रालय
(C) विदेश मंत्रालय (D) सामाजिक न्याय मंत्रालय

**(B)** हाल ही में जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने कहा कि 50% से अधिक जनजातीय आबादी वाले प्रत्येक ब्लॉक के पास एकलव्य मॉडल स्कूल होगा। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की शुरूआत वर्ष 1997-98 में की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य दूरस्थ क्षेत्रो में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करना था।




**5. हाल ही में व्हाट्सएप के इंडिया हेड ने इस्तीफा दे दिया उनका क्या नाम है ?**

(A) अभिजीत बोस (B) सुजीत बोस
(C) मनीष आहुजा (D) विजय गुप्ता

**(A)** अभिजीत के साथ मेटा इंडिया के सार्वजनिक नीति निदेशक राजीव अग्रवाल ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अचानक दोनों इस्तीफों के बाद कंपनी ने भारत में व्हाट्सएप पब्लिक पॉलिसी के निदेशक शिवनाथ ठुकराल को भारत में मेटा के सभी प्लेटफॉर्म के लिए पब्लिक पॉलिसी निदेशक बनाया गया है।



**6. नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार कौनसे भारतीय शहर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष डेटा सेंटर बाजारों में से तीन के रूप में उभरे हैं ?**

(A) पटना, गोरखपुर ओर बनारस
(B) आजमगढ़, बस्ती और लखनऊ
(C) कानपुर, गुरूग्राम, और अयोध्या
(D) हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली

**(D)** भारत में डेटा सेंटर उद्योग उच्च विकास पथ पर रहा है, जो आंशिक रूप से सरकारी नीतियों द्वारा संचालित हैं, जिसमें डेटा सेंटर निवेश को बढ़ावा देने के लिए ऋण और अन्य प्रोत्साहनों की आसान पहुंच शामिल है।




**7. किस वर्ष को आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में घोषित किया गया है ?**

(A) 2022 (B) 2023
(C) 2024 (D) 2025

**(A)** वर्ष 2022 को आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। क्योंकि आसियान और भारत 30 साल की साझेदारी का जश्न मना रहे हैं। वर्ष भर इस अवसर को मनाने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला की योजना बनाई गई है। भारतीय मीडिया का प्रतिनिधिमंडल आसियान-भारत मीडिया विनिमय कार्यक्रम के तहत सिंगापुर और कंबोडिया की यात्रा पर था।




**8. ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि किससे संबंधित है ?**

(A) सेबी (B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) नाबार्ड (D) आयकर विभाग

**(C)** हाल ही में नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट ने ओडिशा सरकार को 220.50 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। यह मंजूरी ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास कोष के तहत दी गई है। RIDF का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकारों को ऋण प्रदान करना है ताकि वे चल रही ग्रामीण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में सक्षम हो सके।

NABARD

**9. हाल ही में 2022-23 वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में चीन को पीछे छोड़कर भारत के लिए उर्वरकों का सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता कौन बन गया ?**

(A) रूस (B) नेपाल
(C) अमेरिका (D) बांग्लादेश

**(A)** हाल ही में 2022-23 वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में चीन को पीछे छोड़कर भारत के लिए उर्वरकों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता रूस बन गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान वैश्विक उर्वरक कीमतों में उछाल और पश्चिमी देशों द्वारा रूसी उर्वरक से इनकार करने के बाद रूसियों ने भारत को भारी छूट पर अपने उर्वरकों की पेशकश की थी, जिसके कारण भारत ने रूसी उर्वरकों की खरीद बढ़ा दी थी।




**10. हिम तेंदुए की IUCN स्थिति क्या है ?**

(A) क्रिटिकली इंडेंजर्ड (B) वल्लरेबल
(C) इंडेंजर्ड (D) लीस्ट कंसर्न

**(B)** हाल ही में कश्मीर में एक हिम तेंदुए को कैमरे में कैप्चर किया गया है। हिम तेंदुओं को अक्सर स्थानीय लोगों द्वारा माउंटेन घोस्ट माना जाता है। IUCN की रेड लिस्ट में हिम तेंदुए को वल्लरेबल के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अवैध वन्यजीव बाजार के लिए इनका शिकार इस प्रजाति के अस्तित्व के लिए प्रमुख खतरा है।

IUCN